कोटद्वार,गुरूवार
28 दिसम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 236 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में शिक्षा उपयोगी और सहायकः राज्यपाल

- राष्ट्र को विकसित करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्णः मुख्यमंत्री
- उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षांत समारोह में 26 स्वर्ण पदक सहित कुल 15417 छात्रों को मिली उपाधि




देहरादून। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षांत समारोह के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उपाधि धारकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 21 छात्रों को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, 2 छात्रों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 3 प्रायोजित स्वर्ण पदक, 5 छात्रों को पी.एच.डी. उपाधि के साथ ही विभिन्न विधाशाखाओं के 15,417 छात्रों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की गई। छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल ने कहा कि जो उपाधियां आज मिली है, वे छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षा के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपने जीवन और करियर का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य प्राप्त किया है। यह अवसर, विद्यार्थियों के साथ–साथ, उनके शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने कहा कि जीवन में सीखने की प्रवृत्ति एक छात्र के अंदर हमेशा होनी चाहिए। जिज्ञासु बने रहना एवं उसके समाधान हेतु निरंतर अन्वेषण और शोध करते रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और समय के साथ चलना के लिए जरूरी है सभी लोग निरंतर शोध एवं नवाचार में अपना समय दे। राज्यपाल ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने ऐसे बहुत से लोगों को अवसर उपलब्ध कराए हैं जो कि औपचारिक शिक्षा नहीं ले सके, जो अपनी अकादमिक योग्यता को बढ़ाना चाहते थे, और जो आत्म समृद्धि के लिए तथा ज्ञान के उन्नयन के लिए पढ़ना चाहते थे। मुक्त विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा को जन–सामान्य तक पहुंचाया तथा किशोरों और कामकाजी वयस्कों सहित, विभिन्न आयु समूहों ने इस शिक्षा प्रणाली का लाभ उठाया है। उच्च शिक्षा की पहुंच को बढ़ाने में दूरस्थ शिक्षा की सराहनीय भूमिका रही है। दूर–दराज के इलाकों, ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने में इस विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दूरस्थ शिक्षा के शिक्षण कार्यक्रमों में लचीलापन होने से, अनेक विद्यार्थियों ने अपने काम–काज, परिवार के भरण–पोषण तथा अन्य जिम्मेदारियों को निभाते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त की है।

**विवि दिव्यांगजनों हेतु अनेक कार्यक्रम कर रहा संचालितः**

राज्यपाल ने विवि की सराहना करके हुए कहा कि विवि दिव्यांगजनों हेतु अनेक कार्यक्रम संचालित कर रहा है। दिव्यांग छात्रों को पढ़ाने हेतु विश्वविद्यालय शिक्षकों को तैयार कर रहा है। विश्वविद्यालय में छात्रों की संख्या निरंतर बढना इस बात को बताता है कि विश्वविद्यालय के प्रति छात्रों का निरंतर भरोसा बढ़ रहा है। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रदेश की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कई पाठ्यक्रमों का निर्माण भी किया है। इन पाठ्यक्रमों में उत्तराखंड राज्य की ऐतिहासिक–सांस्कृतिक व साहित्यिक विरासत को छात्र पढ़ रहे हैं, साथ ही विश्वविद्यालय ने राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप जैविक कृषि की दिशा में पहल की है जो हमारे लिए गर्व की बात है। बता दें कि विश्वविद्यालय को इस कार्य हेतु राष्ट्रपति पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है।

**विश्वविद्यालय में एकलव्य पीठ की स्थापना करने की सीएम धामी ने की घोषणाः**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षांत समारोह में उपाधिधारकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समारोह में उपस्थित होकर गौरवान्वित है।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
Institute of Hospitality, Management & Sciences
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA | CROWNE PLAZA | COUNTRY | COURTYARD | SAYAJI | PRIDE | HYATT | TAJ | Marriott | RAFFLES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years
M.C.A 2 Years
B.H.M. 4 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
B.Sc. IT 3 Years
C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# नए साल 2024 में ईगास—बग्वाल समेत 31 छुट्टियां

### सीएम पुष्कर सिंह धामी सरकार ने जारी किया छुट्टियों का कैलेंडर

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी सरकार ने नए साल 2024 के लिए विभिन्न अवकाश की लिस्ट जारी कर दी। सार्वजनिक और निर्बंधित समेत विभिन्न श्रेणियों में कार्मिकों को 27 से 31 अवकाश मिलेंगे। ईगास और बग्वाल की भी छुट्टियां हैं। मंगलवार को सचिवालय प्रशासन सचिव विनोद कुमार सुमन ने अवकाश के बाबत आदेश जारी किए हैं । नए साल में 25 सार्वजनिक अवकाश मिलेंगे। जबकि निर्बंधित अवकाश की संख्या 17 रहेगी। जिलों में डीएम विवेक के अनुसार तीन अवकाश कर सकते हैं। लेकिन उन दिनों में सचिवालय और पांच दिन के सप्ताह वाले सभी कार्यालय खुले रहेंगे। इसके साथ ही सचिवालय कर्मचारियों को 25 सार्वजनिक अवकाश के साथ दो निर्बंधित अवकाश मिलेंगे। जबकि बाकी राज्य कर्मचारियों को इनके साथ ही श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती, चेटीचंद, विश्वकर्मा पूजा, गुरु तेगबहादुर शहीद दिवस के उपलक्ष्य में चार अतिरिक्त अवकाश का लाभ भी मिलेगा।सचिवालय कर्मियों की छुट्टियां हो गई कम: पांच दिन के सप्ताह वाले विभागों के कार्मिकों की इस साल पांच छुट्टियां कम हो जाएंगी। वर्ष 2024 में गोवर्द्धन पूजा और दशहरा शनिवार के दिन आ रहा है। जबकि होलिका दहन, आंबेडकर जयंती, महावीर जयंती रविवार के दिन हैं। पांच दिवसीय सप्ताह होने की वजह से सचिवालय में शनिवार और रविवार का अवकाश रहता है। इससे सचिवालय के कर्मचारियों की पांच छुट्टियां कम हो गई हैं। राज्य कर्मचारियों को रविवार के अवकाश के रूप में दो दिन का नुकसान होगा। अवकाश लिस्ट में ईगास-बग्वाल के अवकाश को लेकर पहले ही तस्वीर साफ कर दी गई है। इस पर्व की छुट्टी 12 नवंबर को रहेगी। छठ पूजा को सात नवंबर क्रिसमस की पूर्व संध्या पर 24 दिसंबर को निर्बंधित अवकाश में रखा गया है।




# हिंदी और उर्दू के शायरों का एक मंच पर संगम

### एक अभिनव प्रयास, "शाम ए सुख़न" में कवियों ने बिखेरे रंग

देहरादूनः देहरादून में आज हिंदी एवं उर्दू के कवि एक मंच पर इकट्ठा हुए जहां हिंदी और उर्दू का एक अनोखा संगम देखने को मिला। शायरों और कवियों ने पुरानी अतीत की यादों से लेकर प्रकृति और प्रेम के बीच के रिश्तों को कार्यक्रम में इस प्रकार उकेरा की सुनने वाले मंत्र मुग्ध हो कर रह गए।रवायत" महफिल के नाम से आयोजित किए गए स्पिक हॉलिडे द्वारा "शाम ए सुख़न" नाम से कार्यक्रम को मुख्य तौर पर मिर्ज़ा ग़ालिब को समर्पित किया गया था जिसमें ना केवल उनके योगदान को याद किया गया बल्कि उनकी नज्में व शेर भी महफिल का खास हिस्सा बने, जिसमें शहर के तमाम शायरों और कवियों ने शिरकत किया।कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखंड शासन के पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पांडेय ने अपनी काव्य रचनाओं के साथ की जिसमें हिंदी व उर्दू के शब्दों को इस ख़ूबसूरती के साथ पिरोया गया की सुनने वाले मंत्र मुग्ध होकर काव्य रस में खो गए। तत्पश्चात देहरादून के मशहूर शायर शादाब अली ने अपनी शायरी और नज्मों से महफिल को बांध दिया। एडवोकेट अजय जुगरान ने अपनी कविताओं के माध्यम से रिश्तो की महत्वता को उजागर किया और उन पुरानी यादों को मंच से सचित्र जीवंत कर दिया जो एक हर परिवार का अटूट हिस्सा रहे हैं। वन विभाग से सेवा निवृत कवि नरेंद्र सिंह की कविताएं भी सराही गईं। स्पिक हॉलिडे द्वारा "शाम ए सुख़न"कार्यक्रम में देहरादून के युवा कलाकार कवि और एक बेहतरीन एंकरिंग करने वाले आशीष जोशी ने खुद के द्वारा लिखी गई रामायण के छंदों को सअभिनय सुनाया तो पूरा महफिल का गलियारा ऊर्जा से भरा पड़ा। आशीष जोशी द्वारा रामायण को उर्दू शायरी में भी लिखा जा रहा है जो जल्द ही उपलब्ध होगा।कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं कवित्री डॉक्टर जसकिरण चोपड़ा ने अपनी कविताएं पेश की जबकि मिर्ज़ा ग़ालिब की याद में गजल गायक हिमांशु दरमोड़ा ने दो गजलें सुना कर महफिल में सब का दिल जीता।"रवायत" के आयोजन आशुतोस सकलानी ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे जिसमें देहरादून के कवियों एवं उभरते कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापारियों ने एमडीडीए के काम पर उठाए सवाल

देहरादून। वरिष्ठ कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ ने एमडीडीए के काम पर सवाल उठाए हैं। व्यापारी नेता सुनील कुमार बांगा ने कहा कि एमडीडीए की ओर से इनवेस्टर समिट के दौरान दुकानों के बोर्ड लगाने और दीवारों पर चित्रकारी का काम बहुत तेजी से किया गया, लेकिन समिट संपन्न होने के बाद यह बहुत धीमि गति हो रहा है। उन्होंने काम में तेजी लाने की मांग की है। इस मौके पर व्यापारी सुरेश गुप्ता, मनोज कुमार, अरुण कोहली, राजेश मित्तल, मोहित भाटिया, सोनू फ्रांसिस, हिमांशु खुराना, प्रवीण बांगा, राहुल कुमार, अजीत सिंह, राम कपूर, शेखर कपूर, चमन लाल, राजेंद्र सिंह घई, राजेंद्र सिंह नेगी, मनोज कुमार, आमिर खान आदि मौजूद रहे।

### वूमैनस अंडर-23 टी-20 में उत्तराखंड की टीम सेमीफाइनल

देहरादून। इंदौर में चल रही वूमैनस अंडर-23 टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी में उत्तराखंड की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) ने टीम को बधाई दी है। इंदौर में ट्रॉफी का पहला क्वार्टर फाइनल मैच मुबंई और उत्तराखंड की टीम के बीच खेला गया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में पांच विकेट खोकर उत्तराखंड को 115 रनों का लक्ष्य दिया। उत्तराखंड की टीम ने बिना किसी विकेट के नुकसान पर 15.5 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर जीत हासिल की है। टीम ने सेमिफाइनल में जगह बना ली है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के (सीएयू) के अध्यक्ष जोत सिंह बिष्ट और सचिव महीम वर्मा ने टीम को बधाई दी। कहा कि उत्तराखंड के खिलाड़ी खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### आबादी के ऊपर से हाइटेंशन लाइन हटने का इंतजार

देहरादून। शहर में आबादी में घरों के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइनें हटने के अनेक प्रस्ताव स्वीकृति के इंतजार में अटके पड़े हैं। वहीं कुछ ऐसे भी इलाके हैं जहां से घरों के ऊपर से बिजली लाइनें हटने की स्वीकृति मिल चुकी है। इन लाइनों के कारण हजारों की आबादी प्रभावित है। शहर के आबादी के बढ़ते घनत्व के साथ ही बस्ती क्षेत्रों में घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइनें हटाने का दबाव बढ़ता जा रहा है। खर्चीला काम होने की वजह से स्थानीय निवासियों व सोसाइटियों द्वारा इस कार्य को विधायक निधि व अन्य मदों से करने की मांग की जाती है।

# सीएम ने किया नव सृजित विद्युत वितरण मंडल चंपावत के कार्यालय भवन का शिलान्यास

### चम्पावत की विद्युत संबंधी समस्याओं का होगा समाधान

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को चम्पावत के नवसृजित विद्युत वितरण मण्डल के कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि नवसृजित विद्युत वितरण खण्ड के कार्यालय भवन बनने से क्षेत्र की विद्युत समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। जनपद चम्पावत को आदर्श बनाये जाने की राह में विद्युत समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि. द्वारा उठाया गया यह एक प्रभावी कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चम्पावत का विकास हमारी प्राथमिकता में शामिल है। विद्युत वितरण मंडल चंपावत के कार्यालय भवन के निर्माण से चम्पावत के विद्युत संबंधित सभी कार्यों का निष्पादन स्थानीय स्तर पर हो पाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने की अवधारणा को साकार करने के लिए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जनपद के लोगों की विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निस्तारण और विद्युत व्यवस्थाओं को बेहतर करने हेतु प्रदेश के उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा नव सृजित विद्युत वितरण मंडल, चंपावत के कार्यालय भवन का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया गया है। इस मंडल के अंतर्गत तीन विद्युत वितरण खण्ड चंपावत, खटीमा एवं सितारगंज शामिल होंगे।

जिससे अब नए सर्किल खुलने के बाद लोगों को अपनी विद्युत समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए अधिक दूरी तय नहीं करनी होगी। इसके अलावा इन क्षेत्र में बिजली की समस्याओं के समाधान को लेकर भी लोगों को आसानी होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, जिलाध्यक्ष भाजपा निर्मल महरा, ब्लॉक प्रमुख चंपावत रेखा देवी, बाराकोट विनीता फर्त्याल, विधायक प्रतिनिधि चंपावत प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा, उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन एमडी अनिल कुमार यादव, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, विद्युत विभाग के निदेशक परिचालन एमएल प्रसाद, मुख्य अभियंता आशीष अरोरा सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### 30 अप्रैल तक तक जारी होगा उत्तराखंड बोर्ड रिजल्ट परिणामः

देहरादून। उच्च एवं विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का कहना है कि उत्तराखंड के सभी पीएमश्री स्कूलों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। वहां स्मार्ट कक्षाओं के साथ ही फर्नीचर आदि के लिए दो-दो करोड़ रुपये दिए जाएंगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाओं का रिजल्ट 30 अप्रैल तक घोषित कर दिया जाएगा। काबीना मंत्री डॉ.रावत ने मंगलवार को यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। एमबी इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम में डॉ.रावत ने कहा कि 30 अप्रैल तक उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाओं का रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा, जिससे बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब 24 हजार शिक्षण संस्थान हैं। जिनमें से 7 हजार शिक्षण संस्थान को नशा मुक्त करवा दिया गया है। छात्र-छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्तियों की धनराशि बढ़ाकर 2 हजार कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आईएएस, पीसीएस की प्री-परीक्षा, एनडीए, मेडिकल, एनआईटी की प्री-परीक्षा पास करने वाले युवाओं को आगे की तैयारी के लिए सरकार की ओर से 1 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। जो छात्र बोर्ड परीक्षाओं में 70 प्रतिशत नंबर लाएंगे, उन्हें हर माह 600 से 1200 रुपये तक की छात्रवृत्ति मिलेगी।

# जहां से लोगों की उम्मीदें खत्म होती है वहां से शुरू होती है पीएम मोदी की गारंटी : धामी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को गौसीकुआं लोहियाहेड में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से बातचीत से संबंधित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां से लोगों की उम्मीदें खत्म हो जाती हैं वहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी शुरू होती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की गाड़ी देश के हर कोने तक पहुंच रही है। एक महीने के अंतराल में ही विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांवों और शहरों, विशेषकर छोटे शहरों में पहुंच गई है। प्रधानमंत्री द्वारा देश के हजारों भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत के दौरान हरिद्वार के लाभार्थी गुरुदेव सिंह से भी बात कर कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, शहद उत्पादन के द्वारा आय के संसाधनों में वृद्धि पर ध्यान देने पर बल दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार के गुरुदेव सिंह एक किसान हैं तथा मत्स्य पालन से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर इस नवाचार के लिये हरिद्वार के किसान गुरुदेव सिंह की सराहना करना अन्य किसानों के लिये भी प्रेरणादयी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का व्यापक अभियान चल रहा है, जोकि उम्मीदों का एक जीवंत कारवां है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्ति के लिए हजनभागीदारीह की भावना में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह देश की अब तक की सबसे बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसमें गरीबों के लिए संचालित सेवाओं के साथ कृषि, स्वास्थ्य, आधार सहित अन्य सेवाएं पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करते हुए जन कल्याण हेतु चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्रों के पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी, बीजेपी जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।



# शहर में बंदरों का लगातार बढ़ रहा आतंक, आमजन पर कर रहे हमला

## शिकायत के बाद भी नगर निगम व वन विभाग नहीं दे रहा ध्यान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** शहर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन बंदर आमजन पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है। लाख शिकायत के बाद भी नगर निगम व वन विभाग बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान नहीं चला रहा। बंदरों के डर से आमजन घर के बाहर भी नहीं निकल पा रहे।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में शायद ही कोई ऐसा वार्ड हो जहां उत्पाती बंदर न दिखाई दें। सुबह से ही बंदर घरों में उत्पात मचाना शुरू कर देते हैं। बंदरों के कारण वार्डवासियों का अपने घरों की छत पर कपड़े व अनाज सुखाना भी मुश्किल हो गया है। झुंड में आ रहे बंदर आमजन पर भी हमला कर रहे हैं। बंदरों के डर से बच्चों ने घर के बाहर खेलना भी छोड़ दिया है। अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने व लेने के लिए साथ में जाना पड़ रहा है।

बंदरों ने घरों के बाहर खेतों में लगाई गई साग-सब्जियों को भी बर्बाद कर दिया है। दरवाजे खुले होने पर बंदरों का झुंड घर के अंदर पहुंच जाता है। बंदरों के आतंक से आमजन का घरों के बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।



बंदरों का झुंड

### बढ़ रहे बंदरों के हमले

क्षेत्र में उत्पाती बंदरों के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में आए दिन बंदरों के हमले के घायल जन पहुंच रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से बंदरों को पकड़कर जंगल में छुड़वाने की मांग की है। कहा कि कटखने बंदर कब किसको जान पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

## शहर की समस्याओं के निराकरण की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** उत्तराखंड विकास समिति ने शहर की समस्याओं को लेकर चर्चा की। कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी अब तक धरातल पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। समिति के उपाध्यक्ष शशि मोहन उनियाल व संरक्षक जेएस नेगी ने कहा कि शहर के वार्डों में लगातार आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन आवारा पशु राहगिरों को घायल कर रहे हैं। पूर्व में शहर वासियों को मेडिकल कॉलेज पीपीओ मोड पर बनाने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन, अब तक इसके लिए धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि नगर के गोखले मार्ग में अतिक्रमण के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। साथ ही मार्ग पर असामाजिक तत्वों का भी आतंक बढ़ रहा है। समिति की मांग पर क्षेत्र में रोडवेज सिटी बस शुरू करने पर गंभीरता दिखाने का भी स्वागत किया गया। सदस्यों ने कहा कि सरकार को शहर की अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए भी गंभीरता से कार्य करना चाहिए। समिति ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

## हॉकी की राष्ट्रीय टीम में खेलेगी अंकिता रावत

**कोटद्वार :** रिखणीखाल निवासी अंकिता रावत का चयन बालिका हॉकी की राष्ट्रीय टीम में हुआ है। बेटी की इस सफलता पर क्षेत्रवासियों के साथ ही स्वजनों ने खुशी व्यक्त की है। अंकिता रावत अब अंडर-14 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करेगी। मूल रूप से प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत मलनगांव निवासी अंकिता रावत के पिता सुनील रावत खेती का कार्य करते हैं। वर्तमान में अंकिता रावत कोटद्वार स्थित घमंडपुर में रह रही है। अंकिता रावत वर्तमान में राजकीय कन्या इंटर कालेज घमंडपुर में सातवीं कक्षा में पढ़ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता अमित नेगी ने अंकिता के हॉकी के राष्ट्रीय स्तर की टीम में चयन होने पर क्षेत्र के लिए गौरव बताया। कहा कि अंकिता रावत का मध्यप्रदेश के ग्वालियर में होने वाले हाकी टीम में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेगी।

## संगठन ने उठाई कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश देने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन ने कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश देने सहित अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग की है। कहा कि कर्मचारियों के हितों को लेकर गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए।

आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वह अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। बैठक में कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड बनाने व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का वर्ष 1991 से संबंधित एरियर, स्केलर व ग्रेड पे 200 करने की मांग पर चर्चा हुई। एक स्वर में हरिद्वार जिले में खनन गेटों पर कार्यरत कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने की मांग उठाई गई। कहा कि वर्तमान में हरिद्वार प्रभाग में निगम के मूल लैंगिंग कार्य कटान व छपान का काम नहीं किया जा रहा। आरोप है कि इन कार्य में प्रभागीय लैंगिंग प्रबंधक रूचि नहीं ले रहे हैं। कहा कि खनन गेटों से चोरी रोकने हेतु भी कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया है। जिससे खनन गेटों के कर्मचारियों में आक्रोश है। चेतावनी दी है कि संगठन की ओर से उठाए गए मामलों पर तेजी से कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दलवीर सिंह रावत, क्षेत्रीय मंत्री सोहन लाल जखमोला आदि मौजूद रहे।

## साहिबजादों के बलिदान की दी जानकारी

### पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित किया गया कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** वीर बाल दिवस पर पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत के विद्यार्थियों ने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को याद किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया।

आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को साहिबजादों के बारे में बताया।

कहा कि किसी भी राष्ट्र की पहचान उसके सिद्धान्तों, मूल्यों, परम्पराओं व आदर्शों से होती है। इन्हीं आदर्शों का जीवंत उदाहरण है खालसा पंथ के संस्थापक और सिक्ख धर्म के दसवें गुरु गोविन्द सिंह के बेटों का बलिदान। अपने धर्म के लिए साहिबजादों ने अपने प्राणों का बलिदान तक दे दिया था। कहा कि पूरे देश में साहिबजादों की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर शिक्षक प्रमोद रमोला, दिनेश बिष्ट, प्रकाश कैंथोला, प्रमोद रावत, नीरज रमोला, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।



पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

## फिर हुआ ई-रिक्शा चालकों के बीच विवाद, मारपीट का आरोप

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** शहर में लगातार ई-रिक्शा की तादात बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि आए दिन रूट को लेकर ई-रिक्शा चालकों के बीच मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं।

मंगलवार शाम निर्धारित रूट के बजाय अन्य रूट से सवारी भरने को लेकर ई-रिक्शा चालकों के बीच हाथापाई हो गई। मारपीट में एक ई-रिक्शा चालक को चोट भी आई हुई है। पीड़ित ई-रिक्शा चालक ने परिवार के साथ कोतवाली में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।

बुधवार सुबह कोतवाली पहुंचे ई-रिक्शा चालकों ने एक-दूसरे पर रूट के नियमों को तोड़ने का आरोप लगाया। कहा कि प्रत्येक रूट पर ई-रिक्शा स्टैंड बनाया गया है। ई-रिक्शा चालक को केवल अपने रूट पर ही सवारी भरने व ले-जाने की इजाजत है। लेकिन, कई ई-रिक्शा चालक इन नियमों का उल्लंघन करते हुए बाजार में कहीं से भी सवारी भरने लगते हैं। दुर्गापुरी निवासी ई-रिक्शा चालक मदन ने क्षेत्र के ई-रिक्शा चालकों पर उससे मारपीट करने का आरोप लगाया।

कहा कि मंगलवार शाम वह सवारी लेकर घर की ओर जा रहे था। इसी दौरान चालकों ने उनका ई-रिक्शा रोकते हुए मारपीट की, जिससे उनके सिर पर चोट आई है। बताया कि पूर्व में भी उनके साथ दुर्गापुरी में मारपीट की गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि ई-रिक्शा चालकों को स्वयं बैठकर ही रूट का विवाद खत्म करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी यदि विवाद होता है तो कार्रवाई की जाएगी।



कोटद्वार कोतवाली में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे ई-रिक्शा चालक

## बलिदानी गौतम कुमार के नाम पर रखा जाएं मार्ग का नाम

**कोटद्वार :** किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री गुड्डू सिंह चौहान ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को जाने वाले मार्ग का नाम शहीद गौतम कुमार के नाम पर रखने की मांग की है। कहा कि देश की रक्षा में दिए गए गौतम के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। गुड्डू सिंह चौहान ने प्रदेश सरकार से बलिदानी सैनिकों को सम्मान दिए जाने की मांग की है। कहा कि राजौरी पुंछ में कोटद्वार स्थित शिवपुर निवासी गौतम कुमार देश की रक्षा करते हुए बलिदान हुए थे। उनके नाम से डिग्री कालेज को जाने वाले मार्ग का नाम रखा जाना उचित होगा। इसी मार्ग पर उनकी स्मृति में एक स्मृति द्वार भी बनाया जाए। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के मुख्य द्वार पर भी बलिदानी गौतम व बलिदानी मंदीप रावत की प्रतिमा भी लगनी चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ी में देश भक्ति का जज्बा जागृत होता रहे। शहीदों के सम्मान में सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

## विभाग 48 घंटे के अंदर ई-आफिस पर कार्य शुरू करें : डीएम

**पौड़ी :** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय सभागार में सीएम हेल्पलाइन व ई-आफिस की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी रुप से क्रियान्वित नहीं किये जाने वाले आधा दर्जन से अधिक विभागों को 48 घण्टे के भीतर ई-ऑफिस पर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये हैं जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ई-ऑफिस पर कार्य प्रारम्भ नहीं करने की स्थिति में सम्बन्धित विभागाध्यक्षों के माह दिसम्बर के वेतन आहरण पर रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर 36 दिनों से अधिक समय से लम्बित 114 शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिये है। सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों में मुख्यतया वन विभाग की 24, पंचायतराज 9, माध्यमिक शिक्षा 9, लोनिवि की 8 शिकायतें शामिल है। बैठक में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, एएसपी अनूप काला, सीटीओ गिरीश चंद, अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि पीएस बृजवाल, जल निगम मो. मिशन, डीडीओ मनविंदर कौर, डीएसटीओ राम सलोने, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने अभिभावकों का मन मोहा

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** श्री गुरुराम राय पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में नन्हे मुन्नें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने अभिभावकों का मनमोह लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने स्कूल के सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों को जरूरी बताया।

संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने सरस्वती वंदना के साथ की। इस मौके पर गढ़वाली, कुमाऊनी, हिन्दी, पंजाबी, राजस्थानी आदि गीतों पर शानदार सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नर्सरी के नन्हे-मुन्नें बच्चों ने मैंने कहा फूलों से, हिंदी गीत पर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया। जिसे अभिभावकों ने खूब सरहा। वहीं छात्राओं ने दैणा हुंया खोली का गणेशा हे, जौ जस देई दैणु व्हे जै ई आदि मांगल गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य मुकेश चंद्र पोखरियाल ने लोगों से अपनी संस्कृति, परंपराओं, बोली-भाषा, वेशभूषा आदि को संजोने रखने पर जोर दिया। इस मौके पर शिक्षक कमल सिंह बिष्ट, संतोष गैरोला, यशोदा जदली, मनीष तोपाल, महिपाल बोरा, अनीता रतूड़ी, चेतना बहुगुणा, अमित अधिकारी, प्रीतम रावत आदि शामिल रहे।

## भाजपाईयों ने प्रमुख महेंद्र राणा का किया भव्य स्वागत

**पौड़ी :** ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र सिंह राणा के बीजेपी में शामिल होने के बाद बुधवार को कल्जीखाल में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा के साथ पार्टी के मंडल अध्यक्ष अनिल नेगी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ खुशी जाहिर की। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख राणा ने कहा कि मुझे पार्टी में शामिल होने पर गर्व का अनुभव हो रहा है। कहा कि वह पार्टी समर्पित रहेंगे। बुधवार को उनके कल्जीखाल पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। रैली कल्जीखाल बाजार आदि स्थानों से होकर गुजरी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन पटवाल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता भी बीजेपी में शामिल हुए। इस मौके पर आयोजित बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि ब्लाक प्रमुख महेन्द्र सिंह राणा के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिली है। महेंद्र सिंह राणा ने हाल में ही बीजेपी का दामन थाम लिया था। राणा इससे पूर्व कल्जीखाल ब्लाक के प्रमुख भी रह चुके हैं। वर्तमान में उनकी पत्नी बीना राणा कल्जीखाल की प्रमुख है। कार्यक्रम में प्रमुख कल्जीखाल बीना राणा, पार्टी महामंत्री रोजेन्द्र खुगशाल, नरेन्द्र पटवाल, रमेशचन्द्र शाह, कनिष्ट उपप्रमुख अर्जुन पटवाल, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष कल्जीखाल सुधीर भट्ट, बीजेपी महिला मोर्चा अध्यक्ष यशोदा देवी, सांसद प्रतिनिधि संजय पटवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुभाष डोभाल, महेन्द्र मवाडा, दरवार सिंह नेगी, ग्राम प्रधान धारी मदन सिंह रावत, ओलना श्रीमोहन, गहड़ पूरण सिंह, रजनी देवी, संगीता, नीरजा खुगशाल, संतोष रावत, अजय पटवाल आदि जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# जन कल्याणकारी योजनाओं का घर-घर मिल रहा लाभ : तीरथ

## विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ से लोगों को गांव-गांव में मिल रहा योजनाओं का लाभ

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े लाभार्थियों से वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से संवाद किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा देश भर में निकाली जा रही है, जिसका उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने ग्राम पंचायत देहलचोरी, खांडयूसैंण व ल्वाली में प्रतिभाग किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने और उसका लाभ आम जनता तक सुनिश्चित किये जाने को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ हर गांव में जाकर रथ में लगे स्क्रीन के माध्यम से केंद्र के जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है। गढ़वाल सांसद ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें लाभान्वित करना है। इसको देखते हुए जिले के




गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

हर एक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार को उज्वला योजना का लाभ, स्वास्थ्य लाभ के आलावा विभिन्न विभागों में संचालित केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। कार्यक्रम में गढ़वाल सांसद ने लाभार्थियों को उज्वला गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए। उमंग कलस्टर से गीता देवी ने बताया कि कलस्टर में अभी तक 300 से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया है जिसकी वार्षिक आय 01 लाख से ज्यादा की हो रही है। इस मौके पर स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. डी.एस. बिष्ट, उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी अनिल सेमवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत सहित अन्य अधिकारी व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# ..तो अतिक्रमण से मुक्त होगी 62 बीघा भूमि

## नगर निगम ने शुरू किया चिह्निकरण का कार्य

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत लकड़ीपड़ाव में 62 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। नगर निगम टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को चिह्नित किया। साथ ही भूमि पर रह रहे लोगों को स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है।

खाम-भाबर के जमाने में मोहल्ला लकड़ी पड़ाव में एक व्यक्ति को करीब 62 बीघा भूमि लीज पर दी गई। बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति ने पट्टे की शर्तों का उल्लंघन करते हुए बिना अनुमति यह भूमि विभिन्न व्यक्तियों को विक्रय कर दी।

मामला शासन में पहुंचा तो लीज निरस्त हो गई, जिस पर पट्टेदार ने न्यायालय की शरण ली। विभिन्न न्यायालयों में मामला तत्कालीन नगर पालिका के पक्ष में रहा, लेकिन पालिका भूमि खाली कराने में नाकामयाब रहा। एक ओर न्यायालय में



भूमि का निरीक्षण करते नगर आयुक्त वैभव गुप्ता

जिरह चलती रही, दूसरी ओर भूमि पर निर्माण कार्य जारी रहे।

नगर निगम बना तो भी इस भूमि की सुध नहीं ली गई। ऐसे में अब कई वर्ष बाद अतिक्रमण को लेकर नगर निगम की नींद खुल गई है। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण किया। साथ ही भूमि पर रह रहे लोगों को स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी। कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मंदिर समिति ने मंदिर व भूमि पर कब्जा करने का लगाया आरोप

## डीएम को सौंपा ज्ञापन, आमरण अनशन की दी चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** श्री कालेश्वर महादेव मंदिर समिति लैंसडौन ने कालेश्वर मंदिर व उसकी भूमि को अवैध कब्जे करने का आरोप लगाते हुए डीएम से वैदिक मंत्रों के साथ ज्ञापन देते हुए गुहार लगाई है। बताया कि यह भूमि सरकार द्वारा हिंदू समाज को जीवन पर्यन्त के लिए निःशुल्क लीज पर दी गई है लेकिन मंदिर की कथित देखरेख के नाम पर मंदिर की संपति पर अनावश्यक रूप से अवैध कब्जा किया गया है। जिससे मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों पर बाधा हो रही है।

बुधवार को श्री कालेश्वर महादेव मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजेश ध्यानी, सचिव संजय कनौजिया आदि ने कहा कि लैंसडौन में स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री कालेश्वर महादेव की लैंसडौन क्षेत्र के 84 गांवों के स्थान देवता के रूप में मान्यता है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि 25 जनवरी तक कालेश्वर मंदिर को कब्जे से मुक्त कराए जाने पर 26 जनवरी से आमरण अनशन शुरू कर दिया जाएगा।

डीएम डा. आशीष चौहान ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर दीपक बौंठियाल, धीरेंद्र धस्माना, सतेश्वर प्रसाद बौंठियाल, भाष्कर ढौंडियाल, मनीष जखवाल आदि शामिल रहे।

## ग्रीन हाउस ने जीता क्रिकेट का फाइनल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** बलूनी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान क्रिकेट का फाइनल मुकाबला ग्रीन हाउस के नाम रहा। महोत्सव में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

आयोजित खेल महोत्सव का शुभारंभ बलूनी ग्रुप आफ एजुकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी, अभिलाषा भारद्वाज, सागर बड़ोला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने शिव वंदना नृत्य की प्रस्तुति दी। वार्षिक उत्सव के प्रथम दिवस में चार सदनों के जूनियर और सीनियर वर्ग के मध्य क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, फुटबाल सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं कराई गई। क्रिकेट के सीनियर गर्ल्स फाइनल मैच में ग्रीन हाउस ने ब्लू हाउस को हराकर बाजी मारी। वॉलीबॉल के फाइनल मैच में सीनियर ब्वाइज ब्लू हाउस ने येलो हाउस को हराया। वालीबाल के जूनियर ब्वाइज मैच में ग्रीन हाउस ने येलो हाउस को हराया। फुटबॉल सीनियर ब्वाइज में येलो हाउस ने ब्लू हाउस व जूनियर वर्ग में येलो हाउस ने ब्लू हाउस को हराया। बैडमिंटन सीनियर ब्वाइज में ब्लू हाउस ने येलो हाउस को हराया।

## अश्लील हरकत व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** द्वारीखाल ब्लॉक के चैलूसैंण में एक महिला ने व्यक्ति पर अश्लील हरकत करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा है।

राजस्व उपनिरीक्षक सुमन रावत ने बताया कि निकट के गांव की महिला ने चौकी में तहरीर दी है। जिसमे उसने बताया के पहले व्यक्ति ने उससे दोस्ती की और उसके साथ अश्लील हरकत की। साथ ही जबरन सेल्फी लेकर उसे ब्लैक मेल कर रहा है। इसका विरोध करने पर व्यक्ति ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि महिला की तहरीर पर लैंसडौन निवासी शोहेब खान के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 384, 504 और 506 में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी फरार चल रहा है, उसको पकड़ने की प्रयास किया जा रहे हैं।

# डीएम ने विभागीय स्तर पर लम्बित घोषणाओं को लेकर जताई नाराजगी

## डीएम ने की मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। सीएम घोषणाओं पर सम्बन्धित विभागों द्वारा धीमी कार्यवाही को देखते हुए जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निरंतर समीक्षा करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने विभागीय स्तर पर लम्बित घोषणाओं को लेकर कड़ी नाराजगी प्रकट की।

बुधवार को आयोजित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय स्तर पर लम्बित घोषणाओं पर त्वरित गति से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

जनपद से सम्बन्धित 58 सीएम घोषणाओं में 09 घोषणाएं पूर्ण हो चुकी है, जबकि 25 घोषणाएं शासन स्तर पर, 21 पर



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

कार्य अनारम्भ, जबकि 3 घोषणाओं को विलोपित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री घोषणाओं पर विभागीय स्तर पर बरती जा रही शिथिलता पर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त कोटद्वार को 2 दिन के भीतर शहर में स्ट्रीट लाईट लगाये जाने सम्बन्धित घोषणा पर डीपीआर तैयार कर शासन को भेजे जाने के निर्देश दिये हैं। शिक्षा विभाग के स्तर पर लम्बित घोषणाओं को लेकर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षाधिकारी को सख्त हिदायत दी है कि घोषणाओं पर त्वरित गति से कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में प्रतिकूल प्रविष्टि प्रस्तावित की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, सीटीओ गिरीश चंद, अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि पीएस बृजवाल, डीडीओ मनविंदर कौर, डीएसटीओ राम सलोने, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# छात्र थ्री-पी को जीवन में धारण करें : डॉ. सिंह

## एसजीआरआर पदमपुर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव




जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बुधवार को श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल पदमपुर कोटद्वार का वार्षिकोत्सव विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने थ्री-पी-पैरेण्ट्स, प्रिंसिपल, प्यूपिल को छात्र अपने जीवन में धारण करें।

उन्होंने कहा प्रत्येक मनुष्य के लिए विद्यार्थी जीवन एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। जब वह शिक्षा-दीक्षा के साथ मानवीय स्वभाव व नैतिक शिक्षा को भी आत्मसात करता है। विद्यार्थियों को भी अपने शिक्षक व माता-पिता का पूर्ण सम्मान करना चाहिए। विद्यार्थी जीवन के दौरान एकाग्रचित्त होकर अध्ययन करें।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रणवीर सिंह (क्षेत्रीय अधिकारी सीबीएसई देहरादून), विशिष्ट अतिथि डॉ. राम प्रसाद ध्यानी (उपाध्यक्ष प्रबन्ध समिति), गबर सिंह नेगी, प्रधानाचार्य धीरेन्द्र मोहन रतूड़ी, गिरीश उनियाल प्राचार्य पैरा मेडिकल कॉलेज कोटद्वार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना, गणेश वंदना व स्वागत गीत की प्रस्तुति के साथ ही गढ़वाली, कुंमाउनी, हिन्दी, राजस्थानी व पंजाबी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। डॉ. राम प्रसाद ध्यानी ने अपने सम्बोधन में गुरू राम राय एजुकेशन मिशन द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक व शैक्षिक कार्यो का उल्लेख किया। प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय की शैक्षिक व अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा उत्तराखण्ड की संस्कृति के साथ ही अन्य प्रदेशों की संस्कृति से सम्बन्धित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रवेश कुमार बडोला (प्रधानाचार्य कण्वघाटी), अनुपमा शर्मा (प्रधानाचार्या लालपानी, शशी भूषण अमोली, रासेयो के मंडल समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी के अतिरिक्त समस्त अध्यापक-अध्यापिकायें व शिक्षेणत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम का कार्यक्रम थोथा चना बाजे घना जैसा : भट्ट




नई टिहरी : कांग्रेसियों ने सीएम धामी के बीते मंगलवार के कार्यक्रम को फ्लॉप शो बताया। कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शांति भट्ट ने कहा कि सीएम धामी का कार्यक्रम थोथा चना बाजे घना जैसा रहा।

कार्यक्रम से जहां दूर-दराज से लाई गई महिलाओं की बाद में बेसहाराओं की तरह छोड़कर परेशान करने का काम किया गया, वहीं कार्यक्रम पर करोड़ो रूपया पानी की तरह बहाने के बाद भी जनपद टिहरी को एक धेले का फायदा नहीं हुआ है। कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता को कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शांति प्रसाद भट्ट और जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। संयुक्त रूप से कहा कि जिस पीआईसी के मैदान में सीएम की सभा थी। उससे चंद कदम पर बदहाल जिला अस्पताल मौजूद रहे। जहां पर डाक्टरों की भारी कमी से अस्पताल मात्र रैफर सेंटर बनकर रह गया है। सता पक्ष को अस्पताल की बदहाली की याद नहीं आई। सीएम ने इस अस्पताल के कुछ नहीं कहा। 415 करोड़ की योजनाओं में पुरानी व जिले की ग्रामीण क्षेत्र की उन योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ। मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप पंवार, ज्यातिं प्रसाद भट्ट, मुशर्रफ अली, मुर्तजा बेग, देवेंद्र नौडियाल, विजय पाल रावत, नवीन आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारें : सिंहा

उत्तरकाशी : सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग उत्तराखण्ड शासन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने जिला सभागार उत्तरकाशी में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा कर विकास योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन कर स्वीकृत धनराशि का सदुपयोग करने को कहा। साथ ही रोजगार एवं आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं को तत्परता से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव आपदा प्रबन्धन रंजीत कुमार सिन्हा ने राज्य एवं जिला सेक्टर की योजनाओं के साथ ही जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन आदि योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जिले में विभिन्न केंद्र एवं बाह्य सहायतित योजनाओं के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली।

इस मौके पर सिन्हा ने आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यों तथा राजस्व वृद्धि हेतु जनपद स्तर पर किये गये प्रयासों की समीक्षा भी की। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही डेयरी व बेकरी तथा फूड प्रोसेसिंग से जुड़ी इकाइयों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन विकास की योजनाओ की जानकारी लेते हुए जिले के सभी पर्यटक स्थलों का रूटमैप बनाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला, सीडीओ जयकिशन, एडीएम रजा अब्बास, डीएफओ डीपी बलूनी, परियोजना निदेशक रमेश चंद आदि थे। (एजेंसी

# प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर : चौधरी



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में संचालित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत जनपद में अभियान जारी है। बुधवार को अभियान के तहत जनपद की विभिन्न ग्राम सभाओं में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा एवं जनता को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन भी सुना। इस अवसर पर ''हमारा संकल्प विकसित भारत'' की शपथ भी दिलाई गई। ग्राम पंचायत जसोली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' एक अभूतपूर्व प्रयास है जिसके माध्यम से हमारे क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उपलब्ध हो रहा है। साथ ही जो लाभार्थी अभी तक किसी कारणवश किसी योजना से वंचित है उनको भी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनपद में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी भी सभा में बैठे लोगों को दी। इस मौके पर बाल विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन, जल निगम, जल संस्थान, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, राजस्व विभाग, बैंकिंग संस्थान, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, उद्योग, कृषि आदि विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी क्षेत्र वासियों को दी गई। इस दौरान 46 ग्रामीणों की आभा आईडी भी जारी की गई। इस अवसर पर डीपीआरओ प्रेम सिंह रावत, डीपीएम मनमोहन रौतेला, डीओ बल्लभ प्रसाद जसोला, पूर्व प्रधान महावीर सिंह, नवरतन सिंह, बच्ची राम जसोला, शांति देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिले को जल्द मिलेगी बड़ी योजनाओं की सौगात : नौटियाल




नई टिहरी : भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने बीते मंगलवार को टिहरी में आयोजित बेटी ब्वारियूं कु कौथिग में सम्मलित होने आये सीएम पुष्कर सिंह धामी का टिहरी की जनता का भारी जनसमुदाय के साथ भव्य स्वागत करने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम धामी के सामने जिले के विभिन्न बड़ी योजनाओं को रखा गया है। जल्दी ही जिले को नई योजनाओं की बड़ी सौगात भी मिलेगी।

राजेश नौटियाल बुधवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करत रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रदेश सहित टिहरी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। टिहरी में लगभक सवा चार अरब की योजनाओं का सीएम ने लोकार्पण व शिलान्यास कर जनता को विकास की दिशा से अवगत कराने का काम किया है। टिहरी जिले के लिए इन्वेस्टर समिट में 3900 करोड़ के एमओयू साइन हुये हैं। जिन्हें जमीन पर उतारकर पूरा किया जा रहा है। सीएम ने दावा किया है कि उन कंपनियों व उद्योपतियों को पूरी मदद दी जायेगी, जो युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने का काम करेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा की सीएम धामी की टिहरी में हुए जबरदस्त कार्यक्रम से कांग्रेस चारों खाने चित है। इसलिए अर्नगल बयानबाजी कर रही है। जबकि भाजपा पहले ही बोल चुकी है कि प्रदेश में युवाओं, महिलाओं व स्थानीय हितों को लेकर काम किए जायेंगे। इस मौके पर भाजपा के जिला मीडीया प्रभारी डा. प्रमोद उनियाल, नई टिहरी के मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली, जयेंद्र पंवार, असगर अली सहित अन्य मौजूद रहे। (एजेंसी)

## महाविद्यालय उफरैखाल में हुई देवभूमि उद्यमिता योजना केंद्र

जयन्त प्रतिनिधि ।पौड़ी : राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही देवभूमि उद्यमिता योजना केंद्र की बुधवार को राजकीय महाविद्यालय उफरैखाल में स्थापना की गई हैं ।राजकीय महाविद्यालय उफरैखाल के प्राध्यापक विकास सिंह राणा नोडल अधिकारी ने बताया कि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद एवं उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में राज्य के युवाओं में उद्यमिता कौशल विकसित करने के लिए देवभूमि उद्यमिता योजना संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर छात्र–छात्राओं के पंजीकर, बूथ कैम्पों के आयोजन एवं युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की जानकारी दी गई।

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नीतू देवी पत्नी दिनेश कुमार से बदलकर नीतू अग्रवाल पत्नी दिनेश कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे नीतू अग्रवाल पत्नी दिनेश कुमार के नाम से जाना, पहचाना जाय।

**नीतू अग्रवाल पत्नी दिनेश कुमार निवासी निकट दीपक नर्सिंग होम मित्तल कॉलोनी कोटद्वार, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1525/21)

## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

### निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0 व ई0एस0आई0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 18.01.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के कार्यालय से दिनांक 16.01.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/ सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 11/2023–24 | रू0 250/– | वि0वि0 उपखण्ड रिखणीखाल के अन्तर्गत नये संयोजन निर्गत किये जाने हेतु लाइन, उपसंस्थान निर्माण/क्षमता वृद्धि व अन्य कार्य। | 12000.00 |

पत्रांक : 835/विविखनै/टी–6
दिनांक : 27.12.2023

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

# सम्पादकीय

## गठबंधन या सिर्फ तालमेल?

जो बात सिरे से गायब रही, वह कोई साझा न्यूनतम कार्यक्रम है। इंडिया समूह की अर्थ नीति या विकास नीति किस रूप में मोदी सरकार से अलग होगी, उस पर अब तक इन दलों ने विचार करने तक की जरूरत नहीं समझी है। विपक्ष के समूह इंडिया की बैठक से यही संकेत मिले कि इन दलों के बीच नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर करने के अलावा कोई किसी और साझा उद्देश्य पर सहमति नहीं है। इसलिए बैठक से प्रमुख खबर यही उभरी कि अगले तीन हफ्तों में इस समूह में शामिल 28 पार्टियां विभिन्न राज्यों में लोकसभा सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला कर लेंगी। इसके अलावा थोक भाव में विपक्षी सांसदों के निलंबन के मुद्दे पर 22 दिसंबर को विरोध दिवस मनाने और कुछ साझा रैलियां करने का निर्णय हुआ। संभवतः कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री पद के चेहरे के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े का नाम प्रस्तावित किया, लेकिन उस पर सहमति नहीं बनी। वैसे भी यह साफ नहीं है कि यह प्रस्ताव सचमुच दिल से दिया गया, या इसके पीछे किसी अन्य नेता को काटने की चाल थी। बहरहाल, जो बात सिरे से गायब रही, वह कोई साझा न्यूनतम कार्यक्रम है। इन समूह की अर्थनीति या विकास नीति किस रूप में मोदी सरकार से अलग होगी, उस पर अब तक इन दलों ने विचार करने की जरूरत नहीं समझी है। ऐसे में यह सारा प्रयास सीटों के तालमेल तक सिमटता दिख रहा है। मकसद यह है कि भाजपा विरोधी वोटों को बंटने से रोका जाए, ताकि अगले आम चुनाव में भाजपा को सीटों की संख्या के लिहाज से अधिकतम नुकसान पहुंचाया जा सके। गणना संभवतः यह है कि अगर 2019 की तुलना में भाजपा की 60–70 सीटें घटाई जा सकें, तो फिर कुछ ऐसे नए राजनीतिक समीकरण बन सकते हैं, जिनसे नरेंद्र मोदी और अमित शाह को सत्ता से हटाया जा सकेगा– या कम–से–कम सत्ता पर उनकी पकड़ ढीली हो सकेगी। अगर महत्त्वाकांक्षा इतनी कमजोर नहीं होती, तो ये दल अपने भावी शासन के स्वरूप और कार्ययोजना पर विचार करते। तब उनकी रणनीति मतदाताओं में ऐसा उत्साह पैदा करने की होती, जिससे इंडिया को सकारात्मक जनादेश प्राप्त हो सके। लेकिन अभी सारा एजेंडा मोदी सरकार की "तानाशाही" का मुद्दा सामने रखकर जनादेश प्राप्त करने तक सीमित है। अब समय इतना कम है कि इस एजेंडे में बदलाव की गुंजाइश कम ही रह गई है।

# विपक्ष के लिए नाम प्रोजेक्ट करना जरूरी नहीं

**अजीत द्विवेदी**



विपक्षी पार्टियों के गठबंधन में अब इस बात पर बहस हो रही है कि अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुकाबले विपक्ष की ओर से कौन चेहरा होगा? कुछ समय पहले तक लग रहा था कि यह मुद्दा नहीं बनेगा, लेकिन 'इंडिया' की नई दिल्ली में हुई चौथी बैठक में अनायास ममता बनर्जी ने यह मुद्दा उठा दिया। उन्होंने प्रस्तावित किया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना कर विपक्ष को चुनाव लडऩा चाहिए। अरविंद केजरीवाल ने इसका समर्थन किया। यह गठबंधन के भीतर बने दबाव समूह का काम था, जिसका निशाना राहुल गांधी की दावेदारी सामने आने से पहले ही उसे पंक्चर करने का था। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि उसके बाद से यह चर्चा शुरू हो गई है और अखबारों में लेख लिखे जाने लगे हैं कि विपक्ष के लिए क्या अच्छा होगा। राजनीतिक विश्लेषकों की जमात इस पर बंटी हुई है लेकिन ज्यादातर ने खडग़े का समर्थन किया है और नरेंद्र मोदी के मुकाबले उनका चेहरा पेश करके लडऩे को अच्छा विकल्प माना है।

इस बहस से दो सवाल खड़े होते हैं। पहला, क्या सचमुच विपक्षी गठबंधन को प्रधानमंत्री पद का दावेदार पेश करके चुनाव लडऩा चाहिए? और दूसरा, अगर दावेदार पेश करना है तो क्या खडग़े सबसे अच्छा विकल्प हैं? दूसरे सवाल का जवाब बहुत आसान है लेकिन उस पर बाद में आएंगे। पहले इस सवाल पर विचार की जरूरत है कि क्या विपक्ष को चेहरे की जरुरत है? इसका भी जवाब बहुत जटिल नहीं है। विपक्ष को नरेंद्र मोदी के मुकाबले कोई चेहरा पेश करने की जरुरत नहीं है। इसके कई ठोस कारण हैं। पहला कारण तो यह है कि विपक्ष के पास अभी जो चेहरे हैं वो मोदी का विकल्प नहीं हो सकते हैं। उन्हीं चेहरों की प्रतिक्रिया में तो जनता मोदी को लगातार चुन रही है। जब भी किसी व्यक्ति से मोदी के विकल्प के बारे में बात करें तो वह कहता मिलेगा कि मोदी को नहीं तो क्या राहुल को चुन दें, केजरीवाल को चुन दें, मायावती को चुन दें या लालू को चुन दें। उसकी बातों से ऐसा प्रतीत होगा कि वह राजनीति के तमाम पुराने चेहरों से ऊबा हुआ है और उनकी प्रतिक्रिया में मोदी को चुन रहा है।

मोदी के मुकाबले कोई बहुत लोकप्रिय और स्वीकार्य चेहरा नहीं होने के अलावा कोई चेहरा उतारने में दूसरी समस्या यह है कि ज्यादातर चेहरों को केंद्र सरकार की एजेंसियों की कार्रवाई और मीडिया के प्रचार से भ्रष्ट या परिवारवादी साबित किया जा चुका है। कांग्रेस से लेकर आम आदमी पार्टी, सपा, राजद, डीएमके, शिव सेना, एनसीपी सहित तमाम विपक्षी पार्टियों के ऊपर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई चल रही है। सबको ईडी या सीबीआई ने बुला कर पूछताछ किया है या पूछताछ के लिए समन जारी किया हुआ है। अगर ऐसा कोई नेता प्रोजेक्ट होता है तो उससे कोई सकारात्मक मैसेज नहीं बनेगा और उलटे चेहरा सामने आते ही केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो जाएगी।

तीसरी समस्या यह है कि जैसे ही एक चेहरा प्रोजेक्ट होगे वैसे ही बाकी प्रादेशिक पार्टियों और उनके समर्थकों की चुनाव में दिलचस्पी खत्म हो जाएगी। जिस राज्य का नेता प्रोजेक्ट किया जाएग उस राज्य में तो हो सकता है कि माहौल उसके पक्ष में बने लेकिन बाकी राज्यों में उसके नाम पर वोट मिलने की संभावना बहुत कम हो जाएगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि विपक्षी गठबंधन की पार्टियों में किसी के पास ऐसा नेता नहीं है, जो पिछले 20 साल या उससे ज्यादा समय से देश का प्रधानमंत्री बनने की तैयारी में राजनीति कर रहा हो या जिसकी पूरे देश में अपील हो। नरेंद्र मोदी नब्बे के दशक से यह राजनीति कर रहे थे। ढाई दशक की तैयारी और प्रतीक्षा के बाद वे प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर प्रस्तुत हुए थे। विपक्ष के पास ऐसा कोई नेता नहीं है। मोदी ने अपनी ब्रांडिंग हिंदुत्व के अखिल भारतीय आईकॉन की तरह की थी। लेकिन विपक्ष के किसी नेता की अखिल भारतीय राजनीति को ध्यान में रख कर ऐसी ब्रांडिंग नहीं हुई है।

राहुल गांधी इसके अपवाद हैं। कांग्रेस के अखिल भारतीय जनाधार और उनकी भारत जोड़ो यात्रा से उनकी ब्रांडिंग ऐसी हुई है। लेकिन उनके साथ मुश्किल यह है कि भाजपा ने अपने प्रचार के दम पर पिछले 10 साल में उनको नासमझ और अपरिपक्व नेता के तौर पर ब्रांड किया है और साथ ही यह धारणा बनवाई है कि वे जबरदस्ती राजनीति में उतारे गए हैं। ऊपर से नेशनल हेराल्ड केस का मामला है, जिसमें वे जमानत पर हैं। तीसरे, उनकी मां सोनिया गांधी की पृष्ठभूमि के जरिए राहुल को इटली से जोड़ा जाता है। राहुल के अलावा विपक्ष के लगभग सभी नेता अपने राज्य और जाति–समुदाय के दायरे में बंधे हुए हैं। इसलिए मोदी के मुकाबले किसी को भी पेश करते ही पलड़ा मोदी के पक्ष में झुक जाएगा। एक तरफ मोदी की लार्जर दैन लाइफ छवि है, जिसे बड़ी मेहनत से गढ़ा गया है तो दूसरी ओर एक एक राज्य में सिमटे ऐसे नेता हैं, जिनकी छवि भ्रष्ट और परिवारवादी नेता की बना दी गई है।

अब सवाल है कि विपक्ष अगर चेहरा पेश करके नहीं लड़ता है उसके क्या फायदे और नुकसान हैं? नुकसान तो यह है कि अगर विपक्षी पार्टियां किसी नेता को प्रोजेक्ट करके चुनाव नहीं लड़ती हैं तो भाजपा बार बार पूछेगी कि मोदी के मुकाबले विपक्ष का चेहरा कौन है? विपक्षी बारात का दूल्हा कौन है यह भी पूछा जाएगा। लेकिन 'मोदी के मुकाबले अमुक' की बजाय 'मोदी के मुकाबले कोई नहीं' का नैरेटिव कम नुकसानदेह है। क्योंकि तब विपक्षी गठबंधन की तमाम प्रादेशिक पार्टियां अपने अपने राज्य में अपने नेता के नाम पर चुनाव लड़ पाएंगी। प्रादेशिक नेता अपने असर वाले राज्य में नैरेटिव बना सकते हैं कि अगर विपक्ष जीतता तो वे भी प्रधानमंत्री बन सकते हैं। प्रादेशिक पार्टियां राज्यों में अस्मिता का कार्ड खेल सकती हैं। बंगाल में ममता बनर्जी देश के पहले बंगाली प्रधानमंत्री का दांव चल सकती हैं तो महाराष्ट्र में शरद पवार पहले मराठी और कर्नाटक में मल्लिकार्जुन खडग़े पहले कन्नड़ प्रधानमंत्री का दांव खेल सकते हैं। यह दांव विधानसभा चुनाव में भाजपा हर जगह खेलती है। अभी पांच राज्यों में उसने दस–दस दावेदार बना दिए थे। इसका फायदा उसको हुआ था। लोकसभा चुनाव में एक दावेदार की बजाय कई दावेदार होने का फायदा 'इंडिया' को मिल सकता है। हालांकि भाजपा यह धारणा बनवाएगी कि अगर इनको जिताया तो खींचतान होगी और बारी बारी से सब प्रधानमंत्री बनेंगे लेकिन एक चेहरा प्रोजेक्ट कर लडऩे से पहले ही हार जाने की बजाय कोई चेहरा नहीं पेश करके सामूहिक नेतृत्व में लडऩा ज्यादा बेहतर रणनीति होगी।

जहां तक दूसरे सवाल यानी खडग़े को दावेदार बना कर लडऩे की बात है तो वह अच्छी रणनीति नहीं होगी।

# भारत तक पहुंची आंच

हूती का कहना है कि जब तक गजा में इजराइली कार्रवाई नहीं रुकती, उसके हमले जारी रहेंगे। इससे समुद्री परिवहन पर निर्भर विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नया संकट पैदा हो गया है। इस संकट की आंच अब भारत तक पहुंच गई है।

दो दिन में भारत आ रहे जो समुद्री मालवाहक जहाज हमले का निशाना बने। पहला हमला हिंद महासागर में हुआ, जिसके साथ पहली बार इजराइल–फिलस्तीन युद्ध से बन रहे हालात का विस्तार लाल सागर से बाहर तक देखने को मिला। दूसरा हमला लाल सागर में ही हुआ। हमले किसने किए, इस पर रहस्य बना हुआ है। पहले हमले के लिए अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सीधे ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। दूसरे हमले के संबंध में पहले शक यमन के हूती गुट पर गया, लेकिन बाद में हूती ने आरोप लगाया कि भारतीय जहाज एमवी साईं बाबा अमेरिकी फायरिंग का शिकार बना। लाल सागर हूती समूह के हमलों की वजह से जहाजों के आवागमन के लिहाज से लगातार असुरक्षित बना हुआ है। हूती ने एलान कर रखा है कि जिस किसी जहाज का इजराइल से किसी प्रकार का संबंध होगा, उसे वह निशाना बनाएगा। अपनी इस चेतावनी पर उसने अमल भी किया है। नतीजा है कि बहुत सी जहाजरानी कंपनियों ने अपने मालवाही जहाजों के रूट बदल दिए हैं।इससे परिवहन की अवधि लंबी हो गई है। यूरोप में इस वजह से महंगाई का नया दौर आने की आशंकाएं भी गहराई हुई हैं। चूंकि पूरे पश्चिम एशिया में गजा में जारी इजराइली नरसंहार के कारण भारी गुस्सा है, इसलिए ऐसे हमलों से यमन में अपनी वैधता के लिए संघर्षरत हूती समुदाय को भारी सहानुभूति मिल रही है। इसी का नतीजा है कि जब अमेरिका ने जहाजों को सुरक्षा देने के लिए बहुराष्ट्रीय नौ सैनिक इंतजाम करने की पहल की, तो उसे उस क्षेत्र में बहरीन के अलावा के किसी और का साथ नहीं मिला। बल्कि बाद में फ्रांस और स्पेन ने भी उस प्रयास से दूरी बना ली। इस बीच हूती लगातार धमकी दे रहे हैं कि अगर अमेरिका ने उन पर हमला किया, तो वे लाल सागर को उसकी कब्रगाह बना देंगे। हूती का कहना है कि जब तक गजा में इजराइली कार्रवाई नहीं रुकती, उसके हमले जारी रहेंगे। इससे समुद्री परिवहन पर निर्भर विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नया संकट पैदा हो गया है। इस संकट की आंच अब भारत तक पहुंच गई है।

# कमी और कमजोरी कहां?

यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि ना तो नोटबंदी से आतंकवादियों की कमर टूटी और ना ही धारा 370 की समाप्ति से जम्मू–कश्मीर शांत प्रदेश बना। यह सच मान लिया जाए, तो फिर ये सोचने की राह निकल सकती है कि आगे क्या किया जाना चाहिए?

पुंछ में आतंकवादी हमले में सेना के चार जवानों के मारे जाने के बाद अब बारामूला में जम्मू–कश्मीर एक रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक की हत्या की खबर आई है। इस बीच पुंछ की घटना के बाद गिरफ्तार तीन नौजवानों की सेना के हिरासत में मौत ने पूरे जम्मू–कश्मीर में नए सिरे से आक्रोश पैदा कर दिया है। इस बारे में एक वीडियो के वायरल होने के बाद सेना ने आंतरिक जांच की घोषणा की है। खबर है कि संबंधित इलाके से एक बड़े अधिकारी को हटा भी दिया गया है। उधर जम्मू–कश्मीर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। सेना और पुलिस की ये शुरुआती एवं फौरी कार्रवाइयां स्वागतयोग्य हैं। बेहतर होगा कि इस मामले की जांच को

**खबर है कि संबंधित इलाके से एक बड़े अधिकारी को हटा भी दिया गया है। उधर जम्मू–कश्मीर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। सेना और पुलिस की ये शुरुआती एवं फौरी कार्रवाइयां स्वागतयोग्य हैं। बेहतर होगा कि इस मामले की जांच को यथाशीघ्र निष्कर्ष तक पहुंचाया जाए। साथ ही जो लोग दोषी पाए जाते हैं, उन पर होने वाली कार्रवाई का सार्वजनिक एलान किया जाए। चूंकि जम्मू–कश्मीर में सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) कानून लागू है, इसलिए हिरासती मौतों के बारे में सामान्य न्यायिक कार्रवाई की गुंजाइश नहीं है।**

यथाशीघ्र निष्कर्ष तक पहुंचाया जाए। साथ ही जो लोग दोषी पाए जाते हैं, उन पर होने वाली कार्रवाई का सार्वजनिक एलान किया जाए। चूंकि जम्मू–कश्मीर में सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) कानून लागू है, इसलिए हिरासती मौतों के बारे में सामान्य न्यायिक कार्रवाई की गुंजाइश नहीं है।

इसलिए यह दिखाना सुरक्षा से संबंधित प्रशासन का दायित्व है कि वह मानव अधिकारों के किसी हनन को बर्दाश्त नहीं करता। यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि वैसी कार्रवाइयों से मकसद हासिल नहीं होता, जिन्हें आम धारणा में ज्यादती समझा जाए। इसके अलावा यह भी गंभीर आकलन का विषय है कि आखिर कश्मीर में आतंकवादी हमले क्यों नहीं रुक रहे हैं? बेहतर होगा कि इस बारे में सरकार अयथार्थ दावे करने के बजाय असल हालत को स्वीकार करे और हालात पर काबू पाने के प्रभावी उपाय ढूंढने के लिए व्यापक विचार–विमर्श का सहारा ले। अब यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि ना तो नोटबंदी से आतंकवादियों की कमर टूटी और ना ही धारा 370 की समाप्ति ने जम्मू–कश्मीर को एक शांत प्रदेश बना दिया। अगर यह सच मान लिया जाए, तो फिर इस दिशा में सोचने की राह निकल सकती है कि आखिर कमी और कमजोरी कहां रह गई है और आगे क्या किया जा सकता है?

# इतिहास में पहली बार, जंबो रफ्तार से महक उठा शेयर बाजार, सेंसेक्स 72 हजार अंक के पार

मुंबई, एजेंसी। अमरीका में महंगाई पर लगाम लगने से फेड रिजर्व के अगले साल से ब्याज दरों में कटौती की बढ़ी उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऑटो, धातु और बैंकिंग समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली से बुधवार सेंसेक्स ने फिर नया रिकॉर्ड बनाया और पहली बार 72 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 701.63 अंक अर्थात 0.98 प्रतिशत की छलांग लगाकर 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर कि पार 72,038.43 अंक हो गया।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 213.40 अंक यानी एक प्रतिशत की तेजी के साथ 21,654.75 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों एक शेयरों में भी लिवाली हुई। इससे




बीएसई का मिडकैप 0.41 प्रतिशत मज़बूत होकर 36,286.89 अंक और स्मॉलकैप 0.20 प्रतिशत चढ़कर 42,286.91 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3914 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1993 में लिवाली जबकि 1815 में बिकवाली हुई वहीं 106 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियां लाभ में, जबकि 10 नुकसान में रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।बीएसई में यूटिलिटीज, ऊर्जा, पावर, सर्विसेज और तेल एवं गैस समूह की 0.40 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 15 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.19, सीडी 0.91, एफएमसीजी 0.39, वित्तीय सेवाएं 0.94, हेल्थकेयर 0.49, इंडस्ट्रियल्स 0.49, आईटी 0.68, दूरसंचार 0.65, ऑटो 1.33, बैंकिंग 1.09, कैपिटल गुड्स 0.67, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.67, धातु 1.33, रियल्टी 0.60 और टेक समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत लाभ में रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.55, जर्मनी का डैक्स 0.14, जापान का निक्केई 1.13, हांगकांग का हैंगसेंग 1.74, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.42 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.54 प्रतिशत उछल गया।

## राजधानी दिल्ली में घने कोहरे को लेकर रेड अलर्ट जारी, 110 उड़ानें प्रभावित, 25 ट्रेनें देरी से चलीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के कुछ स्थानों पर बुधवार सुबह घना कोहरा होने के कारण, यहां से ट्रेनों और उड़ानों की आवाजाही प्रभावित हुई। दिल्ली हवाईअड्डा प्राधिकरण के अनुसार, आज सुबह दृश्यता घटकर महज 50 मीटर रह जाने से करीब 110 उड़ानें प्रभावित हुई हैं। उत्तर रेलवे ने कहा कि दिल्ली की ओर जाने वाली लगभग 25 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राजधानी में 'घने कोहरे' को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है, क्योंकि शीत लहर की स्थिति जारी है। अगले तीन दिनों तक कोहरा छाये रहने के आसार हैं और आज यहां हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी दर्ज की गयी।

आईएमडी के अनुसार, आज यहां का तापमान अधिकतम 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम सात डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। आईएमडी के वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा, " अगले कुछ दिनों तक कोहरा जारी रहने और आज घना कोहरा बने रहने के आसार हैं। दिल्ली–एनसीआर, पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा सहित पूरे उत्तर–पश्चिम भारत में सुबह के समय दृश्यता 50 मीटर से कम रहेगी।"

## लेबनान–इजरायल सीमा पर संघर्ष में तीन की मौत

**बेरूत ,एजेंसी।** हिजबुल्लाह और इजरायली बलों के बीच सीमा पर टकराव में मंगलवार को दो हिजबुल्लाह लड़ाके और लेबनानी नागरिक सुरक्षा के एक सदस्य की मौत हो गई। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को नाम न छापने की शर्त पर बताया कि झड़प के दौरान पांच नागरिक भी घायल हो गए। सूत्रों ने कहा कि इजरायली तोपखाने ने लेबनान के 34 सीमावर्ती गांवों और कस्बों पर लगभग 250 गोले दागे, इसके अलावा लेबनान के दक्षिणी शहर नबातिह को निशाना बनाकर हवाई हमले किए, जो सीमा रेखा से लगभग 25 किमी दूर है। सूत्रों के अनुसार इजरायली बमबारी ने आठ घरों को भी नष्ट कर दिया और 29 घरों और पांच नागरिक कारों को नुकसान पहुंचाया। इस बीच, लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने इजरायली स्थलों पर बमबारी की, जिसमें मोटेला और मिस्काव एम की बस्तियों की इमारतें और उत्तरी इजरायल के एक शहर किर्यात शमोना में एक इजरायली कमांड मुख्यालय शामिल हैं।

## इजरायल ने मध्य गाजा में जमीनी हमला तेज किया, संयुक्त राष्ट्र ने 'विनाशकारी' मानवीय संकट की चेतावनी दी

**जेरूसलम ,एजेंसी।** इजरायल ने मध्य गाजा पट्टी में अपने जमीनी हमले तेज करने की घोषणा की है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि हमलों में वृद्धि युद्धग्रस्त फिलिस्तीनी क्षेत्र में विनाशकारी मानवीय संकट को बढ़ा रही है। इजरायल ने पहले गाजा के निवासियों से उत्तरी क्षेत्र से मध्य और दक्षिणी क्षेत्रों में जाने का आग्रह किया था, जिसे उसने सुरक्षित क्षेत्र बताया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, इजरायली सेना ने बाद में मध्य और दक्षिणी हिस्सों सहित पूरी पट्टी पर अपने हमले बढ़ा दिए।

एक बयान में, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के प्रवक्ता सेफ मगांगो ने बताया कि 24–25 दिसंबर को मध्य गाजा में 50 से अधिक हमले हुए, जिसमें ब्यूरिज, नुसीरात और मघाजी के शरणार्थी शिविरों को निशाना बनाया गया, जहां सात आवासीय इमारतों पर हमला हुआ, जिसमें कम से कम 86 लोग मारे गए। गांगो ने कहा, माना जा रहा है कि अभी भी अज्ञात संख्या में लोग मलबे में फंसे हुए हैं।

मगांगो ने कहा कि बढ़ी हुई इजरायली बमबारी, पहले से ही विनाशकारी मानवीय स्थिति को और गंभीर कर रही है।

## इराकी शिया मिलिशिया ने सीरिया में अमेरिकी बेस पर रॉकेट हमले का दावा किया

**बगदाद ,एजेंसी।** इराकी शिया मिलिशिया ने सीरिया के उत्तरपूर्वी प्रांत अल–हसाका में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर रॉकेट हमले की जिम्मेदारी ली है। रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक नाम के मिलिशिया ने मंगलवार को एक ऑनलाइन बयान में दावा किया कि उसके लड़ाकों ने अल–शद्दादी सैन्य अड्डे पर रॉकेट दागे और अपने लक्ष्यों को निशाना बनाया। हालाँकि बयान में और विवरण नहीं दिया गया है। समूह के बयान में कहा गया है कि इराकी सशस्त्र समूह का हमला गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिकी सेना के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की एक श्रृंखला का हिस्सा है।

इस बीच, ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने पुष्टि की कि अल–शद्दादी बेस में विस्फोटों की आवाज सुनी गई थी। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## मेरे पास साइकिल भी नहीं, आपने मारुति ले ली, स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्ता से बोले पीएम

**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के देवास जिले की स्वयं सहायता समूह की एक कार्यकर्ता रूबीना खान से संवाद के दौरान मजाकिया लहजे में कहा कि मेरे पास तो साइकिल भी नहीं है और स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्ता ने अपने दम पर रोजगार के अवसर पैदा करते हुए 'मारूति वैन' ले ली। पीएम मोदी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने देवास जिले में एक लाख तीन हजार दीदियों के समूह की सदस्य रूबीना खान से संवाद किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी राज्य मंत्रालय से वर्चुअली जुड़े।

श्रीमती खान ने अपने जीवन के संदर्भ में श्री



मोदी को बताया कि वे पहले मजदूर थीं। 2017 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं और गांव में ही लोन लेकर काम शुरु किया। अब उसी काम की बदौलत मारूति वैन ले ली। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि आप मारूति ले आईं, मेरे पास तो साइकिल भी नहीं है।

केंद्र सरकार की योजनाओं की लाभार्थी श्रीमती खान ने बताया कि कोरोना काल में उन्हें प्रशासन से सैनिटाइजर, मास्क और पीपीई किट बनाने का काम मिला, शुरुआत में कुछ दीदियां डरीं, लेकिन फिर देश की मुश्किलें देख कर मास्क बनाने शुरु किए और उन्हें स्थान स्थान पर बांटा। इसी दौरान प्रति महिला ने लगभग 60–70 हजार रुपए के मास्क और किट बनाए। इस पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीमती खान को संबोधित करते हुए कहा कि क्या वे उनका एक सपना पूरा करने में मदद करेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनें हैं, उनमें से दो करोड़ दीदियों को लखपति बनाने का उनका सपना है।

## 'भारत जोड़ो' के बाद 'भारत न्याय यात्रा' शुरू करेंगे राहुल, 14 जनवरी को मणिपुर से होगा आगाज

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब 'भारत न्याय यात्रा' करने वाले हैं। यात्रा की शुरूआत 14 जनवरी से होगी जो 20 मार्च तक चलेगी। मणिपुर से मुंबई तक होने वाली इस यात्रा में कांग्रेस 6200 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। भारत न्याय यात्रा ज्यादातर बस के जरिए कवर की जाएगी, हालांकि बीच–बीच में पैदल सफर भी किया जाएगा। भारत न्याय यात्रा देश के 14 राज्यों के 85 जिलों से होकर गुजरेगी। यह यात्रा जिन राज्यों को कवर करेगी उनमें मणिपुर, नागालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और महाराष्ट्र शामिल हैं।

यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने बताया कि 21 दिसंबर को कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने सर्वसम्मति से अपना मत रखा कि राहुल गांधी को पूर्व से पश्चिम की ओर एक यात्रा करनी चाहिए। इस



यात्रा में राहुल गांधी युवाओं, महिलाओं और हाशिए पर पड़े लोगों से मुलाकात करने वाले हैं। बस यात्रा के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा जाएगा। यात्रा में कुछ छोटे हिस्से को रुक–रुक कर पैदल भी कवर किया जाएगा।

बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी ने सितंबर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की थी, जो जनवरी 2023 को खत्म हुई थी। राहुल की इस यात्रा की शुरुआत 7 सितंबर को कन्याकुमारी से हुई। इस यात्रा के जरिए उन्होंने 4500 किलोमीटर से अधिक का सफर पैदल ही तय किया था। यात्रा का मकसद भारत को एकजुट और देश को मजबूत करना था। यात्रा 30 जनवरी 2023 को कश्मीर में जाकर खत्म हुई। यात्रा में देश के 12 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों के 75 जिलों को कवर किया गया था।

## केंद्र सरकार ने अलगाववादी नेता मसर्रत आलम की मुस्लिम लीग पर लगाया पांच साल का प्रतिबंध



**श्रीनगर, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने जेल में बंद अलगाववादी नेता मसर्रत आलम की अध्यक्षता वाले कश्मीरी अलगाववादी समूह मुस्लिम लीग पर बुधवार को पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिबंध लगाने की घोषणा आज एक्स पर एक पोस्ट में की। उन्होंने कहा,"मुस्लिम लीग जम्मू–कश्मीर (मसरत आलम गुट) एमएलजेके–एमए को यूएपीए के तहत एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया है। यह संगठन और इसके सदस्य जम्मू–कश्मीर में राष्ट्र–विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं। साथ ही ये आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं और लोगों को जम्मू–कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं।"अमित शाह ने कहा," प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का संदेश स्पष्ट और साफ है कि हमारे राष्ट्र की एकता, संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा उसे कानून के पूर्ण प्रकोप का सामना करना पड़ेगा।" मुस्लिम लीग का नेतृत्व हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मसर्रत आलम कर रहे हैं जो 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2021 में शीर्ष अलगाववादी नेता सैयद अली गिलानी की मृत्यु के बाद, भट को कट्टरपंथी ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस (एपीएचसी) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

## गंगा नदी पर बनेगा 4.5 किलोमीटर लंबा 6 लेन पुल, खर्च होंगे 3065 करोड़, केंद्र सरकार ने दी मंजूरी


**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने बिहार के दीघा तथा सोनपुर को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर छह लेन के पुल के निर्माण को बुधवार को मंजूरी दी जिसके बनने से उत्तर तथा दक्षिण के बीच यातायात की सुविधा को बेहतर बनाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस पुल पर 3065 करोड़ रुपए की लागत आएगी और पुल का निर्माण 42 माह में पूरा किया जा सकेगा।



पुल को इस तरह से एक्स्ट्रा केबल से तैयार किया जाएगा कि इसके नीचे गंगा नदी पर बड़े जहाजों की आवाजाही हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि इस पुल की लम्बाई 4.5 किलोमीटर होगी और यह छह लेन का होगा। इसके बनने से छपरा, मोतीहारी तथा बेतिया सहित कई जिलों में आवाजाही को आसान बनाया जा सकेगा। पुल का निर्माण साढ़े तीन साल में पूरा किया जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि उनकी सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण तेजी कर रही है और इसके लिए हर बजट की कमी नहीं होने दी जा रही है।

# मैन ऑफ क्राइसिस केएल राहुल की तारीफ करते नजर आए राठौड़



सेंचुरियन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन भारत की बल्लेबाजी लडखड़ा गई, लेकिन केएल राहुल के नाबाद अर्धशतक की बदौलत दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया का स्कोर 200 के पार पहुंच गया। मैच के बाद भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने केएल राहुल की इस शानदार पारी की जमकर तारीफ की।

अफ्रीकी तेज आक्रमण से निपटने के लिए भारतीय बल्लेबाजों को पहले दिन खूब संघर्ष करना पड़ा। टॉप ऑर्डर के जल्द पवेलियन लौट जाने के बाद टीम इंडिया बैकफुट पर थी।

100 रन के भीतर चार विकेट गिर चुके थे। फिर, केएल राहुल क्रीज पर आए। उन्होंने एक छोर को संभाले रखा।

पहले दिन का खेल खत्म होने तक राहुल नाबाद 70 रन बना चुके हैं। उन्होंने 105 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए हैं। ऐसे में विक्रम राठौर ने केएल राहुल को टीम इंडिया का संकटमोचक बताया है।

राठौड़ ने कहा, मुझे लगता है कि वह निश्चित रूप से हमारे लिए मैन ऑफ क्राइसिस हैं। हर बार कठिन परिस्थितियां में ज्यादातर समय वह टीम के लिए खड़ा रहते हैं। राहुल एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो उन परिस्थितियों को वास्तव में अच्छी तरह से संभालते हैं। उन्हें पता है कि अच्छी बॉल्स को डिफेंड करना है जबकि खराब बॉल्स पर रन बनाना है।

परिस्थितियों को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका ने भारत को कड़ी चुनौती देने के लिए पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हालांकि विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ एक अच्छी साझेदारी की लेकिन एक बार जब प्रोटियाज़ इस पार्टनरशिप को तोडने में कामयाब रहे तो बल्लेबाजी की जिम्मेदारी पूरी तरह से राहुल के कंधों पर आ गई। कोच राठौर ने कहा, बल्लेबाजी के लिए परिस्थितियां कठिन थी। लंच तक हम तीन विकेट गंवा चुके थे और स्कोर मात्र 91 रन था। कोहली और अय्यर के बीच अच्छी साझेदारी हुई।

# ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान, इस खिलाड़ी की हुई ओडीआई टीम में एंट्री




मुंबई ,ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 28 दिसंबर से वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होने वाली सीरीज के लिए श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक और टिटास साधु को पहली बार भारत की महिला वनडे क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर श्रेयंका ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में अपना टी20 डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने पांच विकेट लिए। बाएं हाथ की स्पिनर सैका ने भी उसी श्रृंखला में पांच विकेट लिए और आखिरी मैच में (3-22) निर्णायक स्पैल के साथ अपनी चमक बिखेरी।

टिटास और मन्नत, जो इस साल की शुरुआत में भारत की अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप जीत की सदस्य थीं, उन्हें वनडे टीम में नामित किया गया है। बाएं हाथ की स्पिनर मन्नत ने अभी तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू नहीं किया है। स्ट्रेस फ्रैक्चर की चोट के बाद इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी करने वाली तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष के साथ वनडे सेट-अप में वापस आ गई हैं, जिन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया था, जिसे भारत ने आठ विकेट से जीता।

भारत लंबे अंतराल के बाद घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच खेलेगा। तीन मैचों की सीरीज महिला वनडे विश्व कप-2025 की तैयारी के संदर्भ में बहुत महत्व होगी, जहां वे मेजबान देश होंगे। जहां तक टी20 टीम का सवाल है, नीतू डेविड की अगुवाई वाली चयन समिति ने निरंतरता दिखाई है और उन्हीं खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, जो इंग्लैंड के खिलाफ खेले थे। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज के तीनों मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होने हैं। पहला मैच 28 दिसंबर को होगा। अगले दो वनडे क्रमशः 30 दिसंबर और 2 जनवरी को खेले जाएंगे।

इसके बाद नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में तीन टी20 मैच होगें। जो 5, 7 और 9 जनवरी को खेले जाएंगे।

वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेनुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल।

# आंखों की कमजोर रोशनी के कारण वर्ल्ड कप में संघर्ष कर रहे थे शाकिब





नई दिल्ली ,बांग्लादेश टीम के कप्तान और स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया है। शाकिब ने बताया कि वह वनडे विश्व कप 2023 में आंखों की कमजोर रोशनी की वजह से अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए।

शाकिब ने कहा कि उनकी बायीं आंख में थोड़ी दिक्कत है, जिसके कारण उन्हें धुंधला नजर आ रहा है। डॉक्टर ने उन्हें आंखों की ड्रॉप दी और स्ट्रेस कम लेने की सलाह दी। शाकिब ने क्रिकबज से कहा, मुझे गेंद का सामना करने में काफी परेशानी हो रही थी। यह विश्व कप के एक या दो मैचों में नहीं है, बल्कि पूरे विश्व कप के दौरान मुझे यह परेशानी हुई।बांग्लादेशी कप्तान ने कहा, जब मैं डॉक्टर के पास गया तो मेरे कॉर्निया या रेटिना में पानी था और उन्होंने मुझे ड्रॉप्स दी थी। साथ ही यह कहा गया था कि मुझे अपना तनाव कम करना होगा। मुझे नहीं पता है कि क्या यही कारण था। लेकिन जब मैंने अमेरिका में दोबारा जांच की तो कोई तनाव नहीं था और मैंने डॉक्टर को बताया कि कोई विश्व कप नहीं है इसलिए स्वाभाविक रूप से कोई तनाव नहीं है।यह ऑलराउंडर, जो अक्सर अपनी टीम के लिए आकर्षण का केंद्र होता है। बल्ले से अपनी लय पाने के लिए टूर्नामेंट में संघर्ष करता नजर आया और टूर्नामेंट में केवल 186 रन ही बना सका। फिर भी, शाकिब ने श्रीलंका के खिलाफ मैच विनिंग 82 रन की पारी खेली।बांग्लादेश का अभियान, जो कभी आकांक्षाओं से भरा हुआ था लगातार हार की कहानी में बदल गया। नीदरलैंड के हाथों 87 रन की चौंकाने वाली हार को खुद शाकिब ने विश्व कप में बांग्लादेश की अब तक की सबसे खराब हार करार दिया।बांग्लादेश ने विश्व कप में अपना सफर नौ मैचों में केवल दो जीत और सात हार के साथ समाप्त किया।

बांग्ला टाइगर्स अंक तालिका में सातवें स्थान पर रहे। उथल-पुथल भरे अभियान के दौरान लगी उंगली की चोट ने उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और उसके बाद सफेद गेंद के दौरे में राष्ट्रीय टीम में शामिल होने से रोक दिया।

# ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तानः शान मसूद ने जड़ा टेस्ट करियर का 8वां अर्धशतक



नई दिल्ली, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान शान मसूद ने अर्धशतकीय पारी खेली।उन्होंने 76 गेंदों पर 54 रन की पारी खेली। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 71.05 की रही। अपनी इस पारी में उन्होंने 3 चौके और 1 छक्का भी लगाया।यह मसूद के टेस्ट करियर का 8वां अर्धशतक है। इसके अलावा, वह टेस्ट में अब तक 4 शानदार शतक भी लगा चुके हैं। सीरीज के पहले टेस्ट मैच में मसूद बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे थे। उन्होंने पहली पारी में 43 गेंदों पर 30 रन और दूसरी पारी में 11 गेंदों पर सिर्फ 2 रन बनाए।मसूद ने अक्टूबर, 2013 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था।उन्होंने अब तक खेले 32 टेस्ट की 59 पारियों में 1,683 रन बनाए हैं। इस दौरान उनकी औसत 28.53 की और स्ट्राइक रेट 48.71 की रही है।मुकाबले की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करने उतरी कंगारू टीम ने पहली पारी में 318 रन बनाए।मार्नस लाबुशेन ने 63 रन बनाए। उनके अलावा उस्मान ख्वाजा ने 42 और मिचेल मार्श ने 41 रन की पारी खेली।पाकिस्तान की ओर से आमेर जमाल ने 3 और शाहीन अफरीदी, मीर हमजा, हसन अली ने 2-2 विकेट लिए।जवाब में पाकिस्तान ने पहली पारी में स्टंप तक 6 विकेट खोकर 194 रन बनाए। अब्दुल्ला शफीक ने सर्वाधिक 62 रन बनाए।

# मैंने पवन से कहा कि वह हमारे खिलाफ अपना बेस्ट दें : रणधीर सिंह



चेन्नई ,बेंगलुरु बुल्स के मुख्य कोच रणधीर सिंह जानते थे कि प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 में तेलुगु टाइटंस के साथ मुकाबले में पवन सहरावत को रोकना जीत के लिए महत्वपूर्ण होगा। बेंगलुरु बुल्स तेलुगु टाइटंस पर 33-31 से रोमांचक जीत हासिल करने में सफल रहे।जीत के बारे में बात करते हुए बेंगलुरु बुल्स के मुख्य कोच रणधीर सिंह ने कहा, हम जानते थे कि हमें जितना संभव हो सके, पवन को रोकना होगा। बेंगलुरु बुल्स में पांच सीजन् तक पवन सहरावत के साथ काम करने वाले रणधीर सिंह ने खेल से ठीक पहले स्टार रेडर से बात की। जब उनसे उनकी बातचीत के बारे में पूछा गया, तो मुख्य कोच ने कहा, हमारे बीच पिता-पुत्र का रिश्ता है। मैंने उसे शुरू से ही कबड्डी सिखाई। मैंने उसे मैच से पहले अपना 100 प्रतिशत देने के लिए कहा। उन्होंने मुझसे यह भी कहा कि वह मेरी सभी रणनीतियों को जानते हैं, लेकिन मैं यह भी जानता हूं कि वह कैसे खेलते हैं। रणधीर ने कहा कि यह जीत उन्हें सीजन 10 में अच्छी स्थिति में रखेगी। कोच ने कहा, इस जीत से निश्चित रूप से टीम का मनोबल बढ़ेगा।

## मैनचेस्टर सिटी की रडार पर हैं फ्लुमिनेंस मिडफील्डर आंद्रे

रियो डी जनेरियो ,दक्षिण अमेरिकी देश की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मैनचेस्टर सिटी फ्लुमिनेंस और ब्राजील के अंतर्राष्ट्रीय मिडफील्डर आंद्रे के लिए विचार कर रहा है।

मौजूदा प्रीमियर लीग और यूरोपीय चैंपियन को आंद्रे के हस्ताक्षर के लिए बार्सिलोना और लिवरपूल से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। इसमें आगे बताया गया है कि 22 वर्षीय खिलाड़ी ने सऊदी अरब में फीफा क्लब विश्व कप के दौरान मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला को प्रभावित किया था, जिसे प्रीमियर लीग क्लब ने पिछले शुक्रवार को फाइनल में फ्लुमिनेंस को 4-0 से हराकर जीता था। आंद्रे अपने संयम और शानदार पासिंग रेंज के लिए जाने जातें हैं। उन्होंने 2020 में क्लब की युवा अकादमी से प्रमोट होने के बाद से फ्लुमिनेंस के लिए 170 प्रथम-टीम में मैच खेले हैं। फुटबॉल डेटा प्लेटफॉर्म ट्रांसफरमार्केट के अनुसार, उनका दिसंबर 2026 तक रियो डी जनेरियो संगठन से अनुबंध है और उनका मार्केट वैल्यू 25 मिलियन यूरो है।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail:

nagendra.uniyal@gmail.com